Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 09-05-2005

Participants : Goyal Shri Surendra Prakash

an>

Title: Need to set up a Kendriya Vidyalaya at Indirapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh.

श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल (हापुड़) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हापुड़, उत्तर प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों की संख्या काफी है। राजधानी दिल्ली के समीप ही अनेक नई-नई कॉलोनियां जैसे वसुन्धरा, इन्दिरापुरम्, वैशाली आदि विकसित हुई हैं। जहां केन्द्रीय कर्मचारियों की काफी तादाद है, किन्तु यहां पर कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं है जिससे कर्मचारियों के बच्चों को सस्ती एवं सुलभ शिक्षा उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

अत: केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री से अनुरोध है कि हापुड़ संसदीय क्षेत्र में विशोकर इन्दिरापुरम्, गाजियाबाद में एक केन्द्रीय ि वद्यालय की शीघ्र स्थापना की जाए तथा पूर्व में चल रहे स्कूलों में द्वितीय पाली शुरू कराई जाए।